दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 21.09.2023

प्रकाशनार्थ

दिनांक 21.09.2023 गोरखपुर। महाविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग द्वारा ''इम्यून रिस्पांस एण्ड हाइब्रिडोमा टेक्नोलॉजी'' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. सतोष कुमार त्रिपाठी, सहायक आचार्य, प्रभारी प्राणि विज्ञान विभाग, महात्मा गॉधी पी.जी कालेज, गोरखपुर ने सारगर्भित व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे प्रतिरोधक क्षमता विभिन्न बीमारियों से लड़ने में सहायक है।

इसके साथ ही प्राणि विज्ञान विभाग के जूलॉजिकल सोसाइटी' के द्वारा ''अन्तर्राष्ट्रीय अल्जाइमर दिवस'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया जिसकी वक्ता डॉ. अनिता कुमारी, प्रभारी प्राणि विज्ञान विभाग, दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज गोरखपुर रही, उन्होंने बताया कि अल्जाइमर स्मृति लोप की बीमारी है जिसका इलाज संभव नही है और इसके बचाव के लिए संतुलित जीवन शैली अपनानी चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह ने किया। आभार ज्ञापन प्रो.(डॉ.) परीक्षित सिंह, आई.क्यू.ए.सी समन्वयक ने किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अनिता कुमारी रही। संचालन श्री हिमाशु यादव ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो.(डॉ.) धीरेन्द्र सिंह, प्रो.(डॉ.) शशि प्रभा सिंह, डॉ. धर्मचन्द्र विश्वकर्मा, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. आनन्द गुप्ता सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क